# ब्रिज को लेकर मेवाड़ विश्वविद्यालय में कार्यशाला सम्पन्न

चित्तौड़गढ़। भारतीय विश्वविद्यालय संघ के तत्वाधान में आगामी 11 मार्च से 15 मार्च तक मेवाड विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित अखिल भारतीय अन्तर्विश्वविद्यालयील पुरुष एवं महिला ब्रिज प्रतियोगिता को लेकर देश भर के विश्वविद्यालयों में काफी अधिक उत्सुकता बनी हुई है।

मेवाड विश्वविद्यालय के तत्वाधान में आयोजित होने वाली प्रथम अखिल भारतीय अंतर्विश्वविद्यालयी पुरुष एवं महिला ब्रिज प्रतियोगिता के आयोजन से पूर्व मेवाड विश्वविद्यालय में सम्पन्न तीन दिवसीय कार्यशाला में भाग लेने आए राजस्थान ब्रिज संघ के सचिव के.पी. माथुर, महामंत्री आनन्द सामंत, सुनील वर्गीज आदि ने बताया कि ब्रिज जैसा उत्कृष्ट अन्य कोई खेल नहीं हैं, जिससे कि मनुष्य के अंग, मानसिक शक्ति का विकास होता है।



चित्तौड़गढ़। आयोजन के बारे में जानकारी देते ब्रिज संघ के पदाधिकारी। फोटो : नरेश ठक्कर

उन्होंने बताया कि अखिल भारतीय स्तर पर मार्च में होने वाली प्रतियोगिता को लेकर देश भर के विश्वविद्यालयों में काफी अधिक उत्सुकता बनी हुई है, क्योंकि पहली बार विश्वविद्यालय स्तर पर राष्ट्रीय स्तर की यह प्रतियोगिता होने से हर कोई यह खिताब जीतना चाहता है, वहीं इस प्रतियोगिता के दौरान पोलेण्ड में आयोजित होने वाली अंतर्राष्ट्रीय विश्वविद्यालय स्तर की प्रतियोगिता में भाग लेने वाली देश की टीम का चयन भी किए जाने के कारण प्रतियोगिता का काफी अधिक महत्व है। अखिल भारतीय स्तर की प्रतियोगिता में प्रतियोगियों को नकद पुरूस्कार भी प्रदान किया जाएगा। इस प्रतियोगिता के लिए मुख्य अतिथि के रूप में केन्द्रीय मंत्री किरण रिजिजू को आमंत्रित किया जा रहा है।

कार्यशाला का समापन राजस्थान ब्रिज संघ के उपाध्यक्ष पारस सुराणा के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। सुराणा ने बताया कि कार्यशाला में 16 छात्र-छात्राओं का चयन किया गया, जो आगामी दो फरवरी को जयपुर में आयोजित राजस्थान राज्य ब्रिज प्रतियोगिता में भाग लेंगे। मेवाड विश्वविद्यालय के शिक्षा तथा मनोविज्ञान संकाय के अधिष्ठाता एवं शारीरिक शिक्षा तथा खेलकूद संकाय के निदेशक प्रो. डॉ. अमरेश कुमार के अनुसार, विशेषज्ञ चेतन ने अंक बनाए जाने के बारे में जानकारी दी। कार्यशाला में विभिन्न स्थानों से 256 खिलाड़ियों ने भाग लिया।

# महिला-पुरुष ब्रिज स्पर्धा को लेकर मेवाड़ विश्वविद्यालय में कार्यशाला

भास्कर संवाददाता | चित्तौड़गढ़



भारतीय विश्वविद्यालय संघ के तत्वाधान में आगामी 11 मार्च से 15 मार्च तक मेवाड़ विश्वविद्यालय की ओर से आयोजित अखिल भारतीय अंतरविश्वविद्यालयी पुरुष एवं महिला ब्रिज प्रतियोगिता को लेकर देश भर के विश्वविद्यालयों में उत्सुकता बनी हुई है।

मेवाड़ विश्वविद्यालय के तत्वावधान में आयोजित होने वाली प्रथम अखिल भारतीय अंतरविश्वविद्यालयी पुरुष एवं महिला ब्रिज प्रतियोगिता के आयोजन से पूर्व मेवाड़ विश्वविद्यालय में तीन दिवसीय कार्यशाला में भाग लेने आए राजस्थान ब्रिज संघ के सचिव के.पी. माथुर, महामंत्री आनन्द सामंत, सुनील बर्गीज आदि ने बताया कि ब्रिज जैसा उत्कृष्ट अन्य कोई खेल नहीं है, जिससे कि मनुष्य के अगा, मानसिक शक्ति का विकास होता है । अखिल भारतीय स्तर पर मार्च में होने वाली प्रतियोगिता को लेकर देश भर के विश्वविद्यालयों में काफी अधिक उत्सुकता बनी हुई है, क्योंकि पहली बार विश्वविद्यालय स्तर पर राष्ट्रीय स्तर की यह प्रतियोगिता होने से हर कोई यह खिताब जीतना चाहता है, वहीं इस प्रतियोगिता के दौरान पोलैंड में होने वाली अंतर्राष्ट्रीय विश्वविद्यालय स्तर की प्रतियोगिता में भाग लेने वाली देश की टीम का चयन भी किए जाने के कारण प्रतियोगिता का काफी अधिक महत्व है। अखिल भारतीय स्तर की प्रतियोगिता में प्रतियोगियों को नक्द पुरस्कार भी प्रदान किया जाएगा। इस प्रतियोगिता के लिए मुख्य अतिथि के रूप में केन्द्रीय मंत्री किरण रिजिजू को आमंत्रित किया जा रहा है। कार्यशाला का समापन राजस्थान ब्रिज संघ के उपाध्यक्ष पारस सुराणा के मुख्य आतिथ्य में हुआ। कार्यशाला में 16 छात्र-छात्राओं का चयन किया गया, जो आगामी दो फरवरी को जयपुर में राजस्थान राज्य ब्रिज प्रतियोगिता में भाग लेंगे। मेवाड़ विश्वविद्यालय के शिक्षा तथा मनोविज्ञान संकाय के अधिष्ठाता एवं शारीरिक शिक्षा तथा खेलकूद संकाय के निदेशक प्रो. डॉ. अमरेश कुमार के अनुसार 256 खिलाड़ियों ने भाग लिया।